ISSN 2347-8004 Bodhi Path
पंजीकरण संख्या-DELBIL/2011/41024

बोधि–पथ

BODHI-PATH

जनवरी, 2017 अंक–बारहवां द्विभाषिक छमाही पत्रिका
Half-yearly Bilingual Buddhism and Philosophy Journal

नव वर्ष की हार्दिक मंगल कामनाएं !



हर क्षण परिवर्तनशील है, इस क्षण को बुद्ध की करुणामय मंगल मैत्री से अपने अंतर्मन में शांति-सामंजस्य की प्राप्ति करें ताकि दूसरों के लिए शांति-सामंजस्य का मार्ग प्रशस्त कर सकें।

बुद्धा ऐजूकेशन फाउण्डेशन (ट्रस्ट)

ISSN 2347-8004

बोधि–पथ

वर्ष : जनवरी 2017, अंकः 12 द्विभाषिक छमाही पत्रिका

प्रबंधक
भिक्खु विश्वबन्धु, चैयरमेन,
बुद्धा ऐजूकेशन फाउण्डेशन (ट्रस्ट)

संरक्षक
डॉ आई.एन.सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर,
बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।

परामर्श दाता
प्रो. हीरापॉल गंगनेगी, विभागाध्यक्ष,
बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।
प्रो.के.टी.एस.सराओ
बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।
डॉ सुभ्रा बरूआ पावागड़ी, एसोसिएट प्रोफेसर,
बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।
डॉ आर. के. राणा, एसोसिएट प्रोफेसर,
बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।

सम्पादक
डॉ संघमित्रा बौद्ध,
बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।

उप–सम्पादक (अंग्रजी)
डॉ अमिता कपूर
एसोसिएट प्रोफेसर,
शहीद राजगुरू कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय।

उप–सम्पादक (हिन्दी)
डॉ एच. के. बालूजा
बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय।
वेबसाइट व्यवस्थापक
श्री नरोत्तम सिंह
लेखक व हीलर

राज्य ब्यूरो
दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तरांचल, उत्तराखण्ड,
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार,
वेस्ट बंगाल।

वितरण
बुद्धा ऐजूकेशन फाउण्डेशन (ट्रस्ट),
मैत्रेय बुद्ध विहार,
तीसरी मंजिल, एच–2/48 सै॰16,
रोहिणी, दिल्ली–110089

नोट : सम्पादक मण्डल के नियुक्त सभी पदाधिकारी अवैतनिक एवं परिवर्तनीय हैं ।

बोधि–पथ पत्रिका में प्रकाशित सामग्री लेखकों के निजी विचार हैं । आवश्यक नहीं कि प्रकाशक व सम्पादक उनसे सहमत हों ।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामित्व धारक **भिक्खु विश्वबन्धु** के लिए स्टार फार्म, 8710, रोशनारा रोड, सब्जी मंडी, दिल्ली–110007 से मुद्रित एवं बुद्धा ऐजूकेशन फाउण्डेशन (ट्रस्ट), मैत्रेय बुद्ध, विहार, तीसरी मंजिल, एच–2/48, सै. 16, रोहिणी, दिल्ली–110089 से प्रकाशित । सम्पादक का नाम और पता : **डॉ. संघमित्रा बौद्ध,** तृतीय तल, एच–2/48, सै. –16, रोहिणी, दिल्ली–110089

अनुक्रमणिका

संपादकीय	**डॉ संघमित्रा बौद्ध**	
बौद्ध जीवन मार्ग	**भिक्खु विश्वबन्धु**	02
श्रमण एवं ब्राह्मण संस्कृति का एक अध्ययन	**डॉ0 भिक्षु प्रज्ञापाल**	05
बौद्ध प्रबन्धन की विशेषताएँ	**डॉ. लाल सिंह बौद्ध**	10
विपश्यना पर आधारित समता धर्म	**डॉ संघमित्रा बौद्ध**	12
बौद्ध धर्म के प्रचार–प्रसार में उत्पन्न बाधाएँ	**डॉ कामेश्वर प्रसाद**	14
Contribution of Mahasthavir Kripasaran to the Revival of Buddhism in Bengal	Dr. Subhra Barua Pavagadhi	18
Analysing Dosa and Metta for the Peaceful World	Ashin Nayana Dipa	21
Existence of Buddhism in Kalimpong	Lhundup Tsomo Bhutia	25
Vasubandhu's Viewpoint on Pure Land	Huynh Van Anh Vov	30
Tsongkhapa: A Great Buddhist Reformer of Tibet	Dr. Dev Raj	35
An Attempt to Fathom the Apocryphal Texts in Chinese Buddhism for the Filial Piety	Dr. Anant.	39
Buddhist Education in Combodia Today	Khy Sovanratana	43

निवेदन

पत्रिका 'बोधि–पथ' की सदस्यता के लिए आप अपने मित्रों, परिचितों एवं अन्य को भी सदस्य बनाकर सहयोग करें। पूर्व ग्रहित सदस्यों की सदस्यता इस अंक के साथ समाप्त हो गई है। कृपया करके अपनी सदस्यता शुल्क की राशि को खाता न0 – 3007101001960, केनरा बैंक, रॉकफिल्ड पब्लिक स्कूल, सै. 16, रोहिणी, दिल्ली–110089 में जमा करने का कष्ट करें। ताकि राशि सहयोग द्वारा पत्रिका का सुचारू रूप से प्रकाशन हो सके। और अपने अमूल्य सुझाव एवं हिन्दी लेख Kundli एवं अंग्रेजी लेख को भी ई–मेल : sanghmb@gmail.com पर भेजने का कष्ट करें।
Website: http://bodhi-path.com

E-mail : darshitraders@gmail.com, sanghmb@gmail.com
दूरभाष न.– 9968262935, 08447637374, 9810319200
प्रति मूल्य : 50रु॰ सदस्यता शुल्क : वार्षिक 100रु॰, द्विवार्षिक 200रु॰, आजीवन 5000रु॰

संपादकीय

सम्पादक की कलम से ...

डॉ. संघमित्रा बौद्ध

बौद्ध धर्म मानवीय धर्म है, बुद्ध ने देववाद एवं भाग्यवाद के स्थान पर मानव, मानवतावाद एवं कर्मवाद की प्रतिष्ठा की। अतः बुद्ध–धर्म ईश्वर को नहीं, मनुष्य को महत्व देता है। भगवान् बुद्ध ने शील, समाधि एवं प्रज्ञा की शिक्षा के साथ ही अपने धर्म के अंग के रूप में सामाजिक, बौद्धिक, आर्थिक, राजनैतिक, स्वतत्रंता एवं समानता की शिक्षा दी है। उनका मुख्य उद्देश्य मानव को इसी धरती पर इसी जीवन में विमुक्ति दिलाना था, न कि मरणोपरान्त स्वर्ग प्राप्ति का काल्पनिक वादा करना। बुद्ध ने स्पष्ट कहा था कि उनका उपदेश स्वयं उनके विचार पर आधारित है, उसे दूसरे तब स्वीकार करें, जब वे उसे अपने विचार और अनुभव से सही पाएं। जिस प्रकार एक सुनार सोने की परीक्षा करता है, उसी प्रकार मेरे उपदेशों की परीक्षा करनी चाहिए। दूसरे किसी भी धर्म संस्थापक ने कभी यह बात नहीं की।

यही कारण है डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर ने दूसरे किसी धर्म को न अपना कर बौद्ध धर्म का ही चुनाव किया। उनके अनुसार समस्त प्राणियों के कल्याणार्थ एवं स्थायी शान्ति बुद्ध द्वारा निर्मित सुगत–शासन में ही निहित है। क्योंकि यह साम्प्रदायिकता की बेड़ियों से बंधा हुआ नहीं है। इसमें लौकिक शक्तियों की परिकल्पना नहीं है और न उन्हें सन्तुष्ट करने के लिए कोई नियम हैं। इसमें केवल शुद्ध नैतिक चर्या का निष्पादन हैं। बौद्ध धर्म नैतिकता पर आधारित, विज्ञान से संबंध रखने वाला धर्म है। ऐसी स्वतंत्रता अन्य किसी भी धर्म में नहीं है।

बाबा साहेब के अनुसार धर्म प्रत्येक समाज के लिए नैतिकता का निर्धारक तत्व होता है और उस समाज में अनुशासन बनाए रखने के लिए धम्म के नियमों का पालन करना होता है, जिसे विज्ञान सम्मत या बुद्धिसंगत होना चाहिए, साथ ही उसे स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के मूलभूत तत्वों को मान्य करना चाहिए। डॉ अम्बेडकर के अनुसार बौद्ध धर्म उक्त सभी कसौटियों पर खरा उतरता है। यद्यपि बौद्ध धर्म बहुत ही प्राचीन धर्म है तथा अपन ढाई हजार वर्षो की अवधि में अनेक उतार–चढ़ाव से वह गुजरा है, जिसकी कुछ समय के लिए तेजी से अवनति हुई, बाबा साहेब द्वारा सामुदायिक धम्म स्वीकार आंदोलन के बाद भारत में यह तेजी से प्रसारित हुआ। इस आंदोलन से उन्होंने अपने करोड़ों भाइयों को दासता, छुआछूत और शोषण से मुक्त कराकर मनुष्य का दर्जा दिलाया है। सदियों से चली आ रही सामाजिक गुलामी से बाबा सहाब ने अछूतों को छुटकारा दिलाया। मानव इतिहास में, यह आश्चर्यजनक उपलब्धि थी।

इस धम्म–आंदोलन के कई वर्षो बाद भी जो समस्याएं हैं, उसका कारण है कि हम ये समझ ही नहीं सके कि बाबा साहब ने बौद्ध धर्म ही क्यों चुना ? इसी तरह सामूहिक धर्म परिवर्तन के आंदोलन के महत्व को समझने में हमारी असफलता रही है, साथ ही इस आंदोलन को हम उस विशाल दृष्टिकोण से देख ही नहीं पाते, समझ ही नहीं पाते और यही कारण है कि हम अपने दायरे से ऊपर किसी महान् कार्य करने की भावना से प्रेरित नहीं हो पाते इसलिए धर्म क्रांति के कार्य करने के बारे में विचार नहीं करते, इसके विपरित्त हम बहुत संकीर्ण विचार से व्यक्तिगत मामलों में ही उलझे रहते हैं।

वर्तमान का समय बौद्ध धर्म के प्रचार–प्रसार के लिए बिल्कुल अनुकूल दिखाई देता है। एक समय था, जब धर्म के गुण एवं अवगुणों की परख करने का सवाल ही नहीं उठता था। इसलिए धर्म आदमी के उत्तराधिकार का अंग हुआ करता था जो पैतृक संपत्ति प्राप्त करने योग्य भी हैं कि नहीं का प्रश्न तो उठाया करते थे, लेकिन ऐसा कोई उत्तराधिकारी नहीं था जो यह प्रश्न करता कि क्या उसके माता–पिता का धर्म अपनाने योग्य है।

किन्तु अब समय बदल चुका है। संसार भर में अब बहुत से लोगों में उत्तराधिकार में पाए जाने वाले धर्म के बारे में प्रश्न करने का अदभुत साहस दिखाया है। जिसके लिए कारण जो भी हो। यह सत्य है कि धर्म के बारे में लोगों के मन में जांच पड़ताल करने की भावना पैदा हो चुकी है। इसलिए कौन सा धर्म अपनाने योग्य है। इस पर साहसपूर्वक प्रश्न किया जाने लगा है।

उपर्युक्त पृष्ठभूमि में बौद्ध सम्मेलनों, बौद्ध राष्ट्रों और बुद्धिजीवियों को चाहिए कि बुद्ध धर्म का प्रचार–प्रसार करना अपना कर्तव्य मानते हुए यह मानना ही होगा कि नैतिकता का धर्म बौद्ध धर्म का प्रसार करना ही वास्तविक मानवता की सेवा करना है। यदि 'बोधि–पथ' का यह अंक इस दिशा में कुछ भी सहायक हुआ, तो हम अपने प्रयास को धन्य समझेंगे।

"भवतु सब्ब मंगलं"

बौद्ध जीवन मार्ग

भिक्खु विश्वबन्धु, चेयरमैन, बुद्धा एजूकेशन फाउन्डेशन

ज्ञान में, विज्ञान में, भाषा में, आचार–विचार में, रंग में, गुण में यहाँ तक कि मनुष्य–मनुष्य में भेद पाया जाता है और यह भेद चिरकाल तक रहेगा। ऐसा देखा जाता है कि जिस समाज में मनुष्य जन्म लेता है उस समाज का उस के मन पर बहुत प्रभाव पड़ता है। वंश–गौरव इत्यादि नाना प्रकार के व्यवधान उसकी बुद्धि पर पर्दा डाले रहते है। इस प्रकार प्रत्येक समाज सैकड़ों लोगों को एक सीमा में कैद किए रहता है। इस सीमा के भीतर रहते–2 लोगों की बुद्धि इतनी जड़ हो जाती है कि वे उस सीमा के अन्दर रहना ही अच्छा समझने लगते है। उससे निकलकर बाहर आने में वे कोई उत्साह नहीं दिखाते। परन्तु इतिहास गवाह है कि प्रत्येक समाज में एक न एक ऐसा प्रतिभाशाली व्यक्तित्व जरूरी उत्पन्न होता है जिसकी बुद्धि धर्म के संकीर्ण विचारों को स्वीकार नहीं करती। वह धर्म की इस सीमा को पार करके एक ऐसे उदार जीवन मार्ग पर मनुष्य को बुलाता है। कि वहाँ आकार उसके साथ सम्मिलित होने में कोई मनुष्य संकोच नहीं करता।

करीब 2600 वर्ष पहले भगवान बुद्ध ने मुक्ति के एक ऐसे ही उदार जीवन मार्ग पर संसार के सभी मनुष्यों को बुलाया था। उन्होने लोगों के निकट जाकर बड़ी दृढ़ता से कहा था, ''मैं तुमको जिस धर्म की राह पर बुला रहा हूँ वह मंगल है, निर्दोष है। और ज्ञानियों के आचरण करने के योग्य है। इस धर्म का आचरण करने से तुमको सुख और कल्याण मिलेगा। मैं तुमको कोई पुरानी बात नहीं कहूँगा, तुमसे कोई रहस्य की बात नहीं कहूँगा, दूसरे की बात पर विश्वास करने के लिए मैं तुमको नहीं कहूँगा लेकिन इतना जरूर कहूँगा कि तुम स्वयं ही अपने ऊपर निर्भर होकर मेहनत करना। दूसरे किसी का भरोसा मत करना। शुभ मुहूर्त को हाथ से मत जाने देना क्योंकि अगर सुयोग गंवा दोगे तो एक दिन तुमको जरूर पछताना पड़ेगा। मैं तुमको जो कुछ भी कहूँगा उसे तुम सर्वप्रथम अपनी आँखों से देख लेना, विचारन और उसके बाद ग्रहण करना। इसका फल तुम शीघ्र देखोगे। मैं जो कुछ भी कहूँगा वह सब स्पष्ट और प्रत्यक्ष होगा।

मैं तुम लागो को अमंगल के बीच से मंगल में लाना चाहता हूँ। रोग, शोक, मृत्यु के बीच से निर्वाण के शान्ति पथ पर डालना चाहता हूँ। तुम मेरे पास चले आओ।

मैं तुमको निर्वाण का सरल मार्ग दिखाऊँगा उस मार्ग का कोई रहस्य मुझसे छिपा हुआ नहीं है।''

उन्होंने मनुष्य को कोई व्यर्थ की आशा न देकर स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं तो केवल रास्ता दिखला सकता हूँ। सावधान तुमको ही रहना होगा। आलसी होने से काम नहीं चलेगा। आलसी मनुष्य ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता। शील का पालन और इन्द्रियों का संयम करना तुम अपना कर्त्तव्य समझो। शील पालन करने से तुम्हारी बुद्धि की चंचलता दूर होगी। इससे तुम सुखी बनोगे और तुम्हारा दुःख दूर होगा। जिस प्रकार नये फूल के खिलने से मुरझाए हुए फूल अपने आप झड़ जाते है वैसे ही पालन करने से तुम्हारे हृदय की बुरी भावनाएँ अपने आप ही दूर हो जाएँगी और उनका स्थान शुभ भावनाएँ ले लेगी। इस प्रकार मन पर तुम्हारा अधिकार जाएगा और तुम परमानन्द प्राप्त करोगे। इसलिए तुम लोग जो कुछ भी बालो मन से बोलो, जो कुछ भी करो मन से करो। धर्म की उत्पत्ति मन से ही है। इसलिए मन को ही सबल करो। लागों की वाहवाही लूटने के लिए तुमको शील का पालन नहीं करना चाहिए। तुम्हारा जो जितना बुरा करे तुम उसका उतना ही भला करो। युद्ध में जो वीर एक लाख शत्रु सेना पर विजय प्राप्त करे वह सच्चा विजयी नहीं होता। सच्चा विजयी वही होता है जो अपने मन को जीते। जो तुम्हारा दुश्मन है वह तुम्हारा कहाँ तक बुरा कर सकता है। सच पूछो तो तुम्हारा कुपथगामी मन ही तुम्हारा भारी से भारी अनिष्ट करता है। इसीलिए तुम अपने घुमक्कड़ मन को रोककर वश में करो। तुम्हारा परम कल्याण होगा। जो अपने मन को वश में नहीं रख सकता उसे सुख या शान्ति नहीं मिल सकती। पाप को पाप समझने से ही तुम उससे छुटकारा नहीं पा सकते। इसके लिए तुम्हें अपने वचन और कार्य की मन की पवित्रता द्वारा परिष्कृत करना होगा।

उन्होंने लोगों को विनम्रपूर्वक जो उपदेश दिया उसका मर्म यही था कि जन्म से लेकर मरण तक दुःख ही दुःख है। एक दुःख का अन्त नहीं होता कि दूसरा दुःख उठ खड़ा होता है। इसकी गति कभी नहीं रूकती। जन्म भी दुःख है, मरण भी दुःख है, वृद्धावस्था भी दुःख है, प्रिय वस्तु के साथ वियोग भी दुःख है, इच्छित वस्तु का न मिलना भी दुःख है, अभिलाषाओं की पूर्ति होना भी दुःख है क्योंकि एक अभिलाषा के पूरी होने पर दूसरी तैयार बैठी है। सच बात तो यह है कि विश्व में विकास चाहे कितना ही क्यों न हो जाए और सृष्टि पर विजय पाकर मनुष्य चाहे कितना ही बड़े अपार वैभव के महान युग का निर्माण क्यों न कर लें। दुःख रूपी भीषण राक्षस उस युग को ग्रस्त करने के

लिए कहीं से आ ही जाएगा। विश्व शक्ति अनन्त है और उसके अथाह उदर में कहीं न कहीं यह राक्षक जरूर छिपा बैठा है। भूचाल, आँधी, तूफान, संहारक रोगों के असंख्य, कीटाणु, जन्म, मरण, व्याधि, काम, क्रोध, मोह, लोभ, द्वेष, अज्ञान, युद्ध, अराजकता आदि जो दुःख के जन्मदाता है, से पूर्णतया मुक्त विश्व तो कल्पना के संसार में भी नहीं पाया जाता। विज्ञान चाहे कितना ही उन्नत क्यों न हो जाए इस दुःख का नाश नहीं हो सकता। परन्तु यदि कोई आत्महत्या द्वारा दुःख का अंत करना चाहे तो वह मूर्ख है। दुःख का अन्त दुःख के मूल को नष्ट करने से ही हो सकता है और इसका मूल है तृष्णा।

तृष्णा की उत्पत्ति तभी होती है जब कोई कार्य व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए किया जाए। वे वस्तुएँ जो शरीर के लिए आवश्यक हैं उनके उपभोग को तृष्णा नहीं कहते। जब इन उपभोग्य वस्तुओं की लालसा बराबर बढ़ती जाती है तब उसे ही तृष्णा कहते हैं।

कोई व्यक्ति यदि उपभोग्य वस्तुओं को प्राप्त करने के लिए दिन–रात मेहनत करता है और यदि उसे वे वस्तुएँ प्राप्त नहीं होती तो वह शोकाकुल होकर इस विचार से मूढ़ बनता है कि उसका प्रयत्न व्यर्थ हुआ। यदि उन वस्तुओं को वह प्राप्त कर लेता है तो उनकी रक्षा करने में वह दत्तचित रहता है कि कोई चोर उन्हें चुरा न ले, आग से वे जल न जाएँ, पानी में वे बह न जाए या अप्रिय सम्बन्धियों के अधिकार में न चली जाएँ। इन विषय को लेकर ही उसके मन में कष्ट की उत्पत्ति होती है और इन विषयों के लिए ही राजा–राजा से, क्षत्रिय–क्षत्रिय से, ब्राह्मण–ब्राह्मण से, वेश्य–वेश्य से, माँ–बेट से और बेटा–माँ से, पिता–पुत्र से और पुत्र–पिता से, भाई–बहन से और बहन–भाई से तथा मित्र–मित्र से झगड़ा करते हैं। उनके झगड़े का परिणाम कभी–कभी यह होता है कि वे हाथ, पत्थर, डंडे या शस्त्रों से एक–दूसरे पर प्रहार करते है और उसके फलस्वरूप मृत्यु के समान कष्ट भोगते हैं।

समाज में व्याप्त भोग–विलास और कठिन तपश्चर्या इन दानों के बिच की सुगम राह पर चलने का मार्ग लोगों को दिखाते हुए उन्होनें कहा– ''जिसने दुःख का अस्तित्व, उसकी उत्पत्ति का कारण और उसकी निवृत्ति का उपाय जान लिया है उसको मुक्ति का सरल मार्ग मिल गया है। मछली–मांस छोड़ना, वस्त्र धारण न करने, सिर मुंडाने, भस्म लगाने और हवन आदि के द्वारा मन का पाप दूर नहीं हो सकता। जिसका मोह दूर नहीं हुआ उसके लिए वेद–पाठ, दान, यज्ञ, कठोर तपस्या बेकार है। कोध, अनाचार, कट्टरपन, ठगी, अहंकार, द्वेष आदि बुरी प्रवृत्तियाँ ही मन को मलिन करती है। मछली–माँस के खाने से मन अपवित्र नहीं होता। कठिन तपस्या अनावश्यक और व्यर्थ है। यह अत्यन्त हीन, दुःखमय तथा लाभरहित है। मैं तुम्हें मध्यम प्रतिपदा पर चलने का आह्वान करता हूँ। यह चित्त को शान्ति प्रदान करने वाली है, पूर्ण ज्ञान तथा निर्वाण प्राप्त कराने वाली है।

आर्य अष्टांगिक मार्ग ही मध्यम प्रतिपदा है। इस अष्टांगिक मार्ग की सीढ़ी के केवल आठ डंडे हैं और तुम्हें अन्तिम डंडे तक पहुँचना है। मार्ग कुछ कष्टदायी अवश्य है क्योंकि इसमें अन्तिम डंडे तक विश्राम नहीं है। सभी डंडों पर तुम्हें एक–एक करके चढ़ना होगा या एक–एक करके ही उतरना होगा। एक–एक डंडे पर विजय प्राप्त करते जाओ मुक्ति का मार्ग स्वयं खुलता जाएगा। तुम्हारे दुःखों का नाश करने वाला जो प्रथम डंडा होगा वहाँ तुम्हारी दृष्टि ठीक होनी चाहिए। यह तुम्हारे श्रेष्ठ, जीवन का आधार होगा। यथार्थ का ज्ञान तुम्हारे मन में त्याग – विशेषकर तृष्णा के त्याग का – अद्वेष और अहिंसा का भाव उत्पन्न करेगा। यहाँ तुम्हें एक वचन देना होगा परन्तु यह वचन हँसी–खेल में नहीं दृढ़ता से देना होगा कि तुम झूठ, दूसरे की निन्दा, अपमान, चुगली, झूठी गवाही से बचोगे। इससे तुममें परस्पर मित्रता बढ़ेगी व तुम्हें वैर–भाव से मुक्ति मिलेगी वरना तुम्हारे जीवन की सारी कल्पना ही बालू की दीवार की तरह भुरभुराकर गिर जाएगी। तुम्हें स्वयं पर विजय प्राप्त करनी होगी और यह तभी होगी जब तुम अकुशल कर्मे से बचोगे व कुशल कर्मों के करने में अपने मन को लगाओगे। यदि तुम्हारे कर्म शुद्ध होगे तो आजीविका भी होगी इसलिए वे सभी कर्म जिनमें धोखा लेशमात्र भी हो उनसे तुम्हें बचना होगा। इसके लिए तुम्हें प्रयास करना होगा कि जो अवगुण तुम में हैं वे तुम्हारे चरित्र से निकल जायें। तुम्हें नये अवगुणों से बचना होगा व सद्गुणों का संचय करना होगा। सातवें डंडे पर तुम्हारी जागरूकता की परीक्षा होगी। यहाँ तुम्हारे शरीर में कौन–कौन सी प्रतिक्रियाएँ चल रही है यहाँ तक कि छोटे और बड़े साँसों के आने–जाने की भी जानकारी रखनी होगी। इस सीढ़ी का अन्तिम और आखिरी डंडा है कुशल कर्म करने में चित्त की एकाग्रता। कसी एक बिन्दु पर तुम्हारा ध्यान एकाग्रचित रहना चाहिए। जिस प्रकार बहुत तेजी से घूमने वाला पंखा अपनी जगह पर स्थिर दिखाई देता है।

सभी को समझने योग्य बोलचाल की भाषा में सरल आख्यान देखकर उन्होनें लोगों को निर्वाण का मार्ग दिखाया।

उन्होनें पतित का उद्धार किया, भूले–भटके को मार्ग दिखलाया और अंधेरे में भटक रहे आखों वाले के सामने करूणा की रसधारा से भरा प्रज्वलित ज्ञान का दीपक रख दिया। परन्तु जिसे प्राप्त नहीं किया जा सकता, अनुभव के द्वारा नहीं जाना जा सकता, जिसकी व्याख्या वाणी के द्वारा नहीं की जा सकती उसके सम्बन्ध में वे मौन ही रहे। उनका कहना था कि इस सम्बन्ध में किया गया विचार जटिल समस्याओं को पैदा करने वाला एक जंगल है। जो मनुष्य को एक बहुत बड़े भ्रम डाल देता है। इस पर विचार करने से दुःख और निराशा का जन्म होता है तथा इस पर किया गया विचार तृष्णानाश, समाधान, ज्ञान, प्रकाश, निर्वाण आदि की ओर ले जाने वाला नहीं है।

भगवान बुद्ध के उपदेशों ने अतीत में भी समस्त भारत में अमृत का छिड़काव करके अत्यन्त अद्‌भुत साहित्य, विज्ञान और शिल्प की रचना की थी और आज भी उस अतीत युग के सभ्यता भण्डार से समस्त विश्व के विद्वान नये–नये रत्न प्राप्त करने की चेष्टा कर रहे हैं। भगवान बुद्ध ने जो दान दिया है उसे चिरकाल तक अमर जानकर संसार ने ग्रहण किया है और आगे भी करता रहेगा।

पठमं बुद्धवचनं

अथ खो भगवा एतमत्थं विदित्वा तायं वेलायं
इमं उदानं उदानेसि-
'' यदा हवे पातुभवन्ति धम्मा,
आतापिनो कङ्खा वपयन्ति सब्बा।
अथस्स कंखा वपयन्ति सब्बा,
यतो पजानाति सहेतुधम्म'' ति।

बुद्धो भगवा

अर्थात इसके पश्चात् भगवान ने इसके अर्थ को जानकर उस समय ये उद्‌गार अभिव्यक्त किए-'' जब धर्मो के स्वरूप उत्पन्न होते हैं, तो उद्यमी और ध्यानी, ब्राह्मण की समस्त शंकाएं समाप्त हो जाती हैं, क्योंकि उसने कार्यकारण से घटित सहेतु धर्म को (प्रज्ञा से) जान लिया है।

''अनेकजाति संसारं सन्धाविस्सं अनिब्बिसं,
गहकारक गवेसन्तो दुक्खा जाति पुनप्पुनं,
गहकारक दिट्ठोसि पुन गहं न काहसि,
सब्बा ते फासुका भग्गा गहकूटं विसङ्खतं,
विसङ्खरगतं चित्तं तण्हानं खयमज्झगा' ति।

बुद्धो भगवा

अर्थात् बिना रूके अनेक जन्मों तक संसार में दौड़ता रहा। इस गृहकारकरूपी तृष्णा को बार-बार खोजते हुए दुखमय जन्म में पड़ता रहा। हे गृहकारक (तृष्णे)! मैंने तुझे देख लिया है, अब फिर से तू घर नहीं बना सकेगी। तेरी समस्त कड़ियाँ भग्न हो गई हैं, गृह का शिखर गिर गया है। चित्त संस्कार रहित हो गया है। तृष्णा का क्षय करके अर्हत् हो गया है।

श्रमण एवं ब्राह्मण संस्कृति का एक अध्ययन

भिक्षु (डॉ॰) प्रज्ञापाल, शोध-सहायक, पालि-हिन्दी शब्दकोश, नव नालन्दा महाविहार, नालन्दा

आज भारत में दो संस्कृति की परम्परा स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। वह है– श्रमण एवं ब्राह्मण संस्कृति। श्रमण संस्कृति का सम्बन्ध सैन्धव सभ्यता से और ब्राह्मण संस्कृति का सम्बन्ध वैदिक सभ्यता से है। आर्यो के भारत आगमन के पूर्व ही श्रमण संस्कृति अपनी विकास की चरम सीमा पर पहुँच चुकी थी। ब्राह्मण संस्कृति का विकास आर्यो के भारत आने के बाद वैदिक काल में प्रारम्भ हुई। भारत में दोनों संस्कृतियों का विकास प्रतियोगितात्मक हुआ है। दोनों का विभेद भी स्पष्ट है।[1] दोनों में कृत्रिम मिलावट हुई है जो दूध में पानी की तरह नहीं बल्कि दूध में तेल की तरह छलकती नजर आती है। ब्राह्मण संस्कृति का प्रारम्भिक नाम वैदिक संस्कृति था, जिसका एकीकृत अधुनातन नाम हिन्दू संस्कृति है। जाति के रूप में वैदिक संस्कृति के पोषक आर्य थे और श्रमण संस्कृति के पोषक अनार्य, जिसमें कोल, भील, पहाड़िया, संथाली आदि जातियों को समाविष्ट किया जाता था। आज श्रमण संस्कृति–जैन और बौद्ध धर्म के रूप में बहुत कम लोगों के बीच उपलब्ध है। ब्राह्मण संस्कृति बहुदेववादी, आत्मवादी, भोगवादी या ऐश्वर्यवादी है। उनके जीवन का लक्ष्य ऐहलौकिक सुखों का पूर्ण उपभोग कर पारलौकिक सुखों को प्राप्त करना है, जिसका स्थान स्वर्गलोक जैसे काल्पनिक लोक है। इस संस्कृति के लोग स्वर्ग प्राप्ति के लिए अनेक कर्मकाण्ड का सहारा लेते हैं। पूजा–पाठ, यज्ञ, हवन जैसे– कृत्यों को स्वर्ग प्राप्ति का मार्ग मानते हैं। श्रद्धा और भक्ति उनका आध्यात्मिक विश्वास है। समर्पण ही स्वर्ग प्राप्ति का एक मात्र रास्ता है।[2] श्रमणों की संस्कृति, दुखवादी, अनात्मवादी और कर्म बन्धनात्मक है। ब्रह्मचर्य, तपस्या और योग उनकी दिनचर्या है। निर्वाण, मोक्ष और कैवल्य एकमात्र जीवन का लक्ष्य है।[3] शील–आचरण सम्पन्न होना पूर्ण मानवीय गुण है, ऐश्वर्य हेय है, निर्वाण ध्येय है। इन दो संस्कृतियों का विकास भारतीय भूमि में दिखाई पड़ते हैं। आज यह पड़ताल आवश्यक है कि कौन भारत की मूल या अधिक प्राचीन है और कौन उसके बाद की है या आयातित है? एक परम्परा के रूप में इस विभेद को जानने के लिए श्रमणों का योग और वैदिकों का यज्ञ अनुष्ठान का ऐतिहासिक अन्वेषण करना होगा।

सम्प्रति यज्ञ और योग सम्मिलित रूप से भारत की सांस्कृतिक पहचान बनी हुई है। यज्ञ वैदिक परम्परा का एकमात्र कर्मकाण्ड है। यज्ञ ही वैदिक धर्म का प्राण है जिसके सहारे ऐहलौकिक और पारलौकिक ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। पूर्व वैदिक काल में यज्ञ द्वारा जगत और जीवन में कार्यशील देवताओं के आराधना में ऐहिक और आमुष्मिक सुख और सौभाग्य प्राप्त किया जा सकता था। उत्तर वैदिक काल में देवताओं को ईश्वर और ब्रह्मा के रुप में प्रतिपादित किया। पुरुषार्थ विषयक धारणा में भी प्रवृत्ति से निवृत्ति की ओर परिवर्तन हुआ। परिवर्तन के प्रधान कारण थे आत्मवाद ओर संसारवाद। बहुधा विशुद्ध आत्मवाद के संदर्भो में आप्त–कामना अथवा आनन्द को ही परमार्थ निरुपित किया गया है, न कि दुखनिवृत्ति को। प्राचीन वैदिक परम्परा की ओर उन्मुखता तथा आनन्द की खोज का यह एक आध्यात्मिक रुपान्तर है।[4] प्रारम्भ में वेद इन्द्र का प्रशस्ति गान के रुप में संकलित हुआ।[5] वर्षो के अन्तराल के बाद निवृत्ति सुख का आधार बना। वेद में इन्द्रादिदेवों का रूप सामान्य मानव से अधिक शक्तिशाली है, किन्तु वृत्तियों की दृष्टि से हीन हैं। मानव सुलभ क्रोध, राग, द्वेष आदि वृत्तियों का वैदिक देवों में साम्राज्य है और ऐश्वर्य की प्राप्ति ही चरम–लक्ष्य है। वैदिकों के आध्यात्मिक शक्ति का कारण वीतरागता नहीं है। इसे धार्मिक कर्मकाण्ड के रूप में देखा जा सकता है। धार्मिक कार्मकाण्ड में यज्ञ मुख्य था जो अधिकांश बिना हिंसा या पशुबध के पूर्ण नहीं होते थे।

निवृत्ति वाद की धारा वैदिक संस्कृति के पूर्व मुनि, यति और श्रमणों द्वारा भारतीय भू–भाग में प्रचारित थी। मोहन जोदड़ो और हड़प्पा में जो खुदाई हुई और वहाँ प्राप्त अवशेषों का अध्ययन हुआ उससे यह प्रमाणित हो गया कि वैदिक संस्कृति के पूर्व भारत की अपनी एक संस्कृति थी। उस प्राचीन भारतीय संस्कृति में योग का अन्यतम स्थान था। पुरातत्त्वविदों ने उस संस्कृति को सैन्धव संस्कृति कहा और वैदिक संस्कृति से उसकी प्राचीनता भी स्थापित की। वेद में योग की चर्चा नहीं है। वहाँ यज्ञ को ही महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इसलिए विद्वानों ने भारत में आर्यो के आक्रमण को एक सभ्य प्रदेश में बर्बर जाति का प्रवेश समझा है।[6] इन प्रदेशों के मूलवासी यति, मुनि, श्रमण थे। योग, ध्यान, साधना उनका कर्मकाण्ड था। वीतरागता उनकी आध्यात्मिक शक्ति थी। अधिक सम्भव यही है कि ये मुनि और यति उन मूल भारत के निवासी थे, जिनकी संस्कृति में योग प्रमुख था। इसे श्रमण संस्कृति भी कहा जा

सकता है जैसा कि प्राचीन जैन और बौद्ध शास्त्रों में दार्शनिक चिंतकों को श्रमण और ब्राह्मण दो वर्गों में विभाजित किया गया है। इनमें आज ब्राह्मण तो वे हैं जो वैदिक संस्कृति केअनुयायी हैं और शेष सभी का समावेश श्रमणों में है।

सारांश यह कि सैन्धव सभ्यता काल में भारत के मूल पूरखे योगी, मुनि और यति में शामिल थे उसके बाद उनका समावेश श्रमणों में हुआ। ऐसे अध्ययन की शुरुआत पुरातात्त्विक संस्थाओं की स्थापना के साथ हुई। आज पुरातत्त्व, भाषा और परम्परा को पूर्ण वैज्ञानिक और प्रामाणिक अध्ययन माना जाता है। कार्वन–14 और फलोरोसेन्स पद्धति से निर्धारित की गई जैविक पदार्थो की आयु हजारों वर्ष पुरानी होने पर भी अधिकतम चालीस वर्ष गलत होने की सम्भावना रहती है, जिससे उस स्थान के काल के सम्बन्ध में प्रामाणिक प्रमाण प्राप्त होने लगे हैं। भाषा के द्वारा भी किसी काल का वैज्ञानिक और प्रामाणिक तथ्य प्रस्तुत किया जाता है। भाषा का वैज्ञानिक अध्ययन भाषा विज्ञान के अन्तर्गत किया जाता है। ध्वनि एवं रूपों का परिवर्तन भी काल निर्धारण में प्रामाणिक तथ्य प्रस्तुत करते हैं। भाषा का विकास मानवीय विकास के अनुकूल होता है जिस प्रकार धरती पर मानव का विकास क्रमशः हुआ है।[7] मानव ससृप वर्ग से उड्डयन वर्ग का विकास पूरा किया। धरती पर ही जीवन का विकास हुआ, बाहर से लाकर सीधे बसाया नहीं गया। ठीक उसी प्रकार भाषा इंगित, वाचिक और लिखित रूप में विकसित हुई है। इसके विकास काल में जो परिवर्तन हुए हैं, वह एक प्रामाणिक कालनिर्धारक है। भाषा विकसित होती गढ़ी नहीं जाती है श्रमण वर्ग द्वारा प्रयुक्त भाषा संस्कृत से प्राचीन है।[8] परम्पराएं जो संस्कृति के रूप में समाज में विद्यमान रहती है, जिसे बिल्कुल समाप्त नहीं किया जा सकता है, उसकी विद्यमानता किसी न किसी रूप में देखी जाती है, यहाँ इन दोनों सांस्कृतिक परम्पराओं (श्रमण और ब्राह्मण) का ऐतिहासिक अध्ययन इन वैज्ञानिक पद्धतियों के आधार पर किया जायेगा। आर्यो ने अपनी पूर्ववर्तिनी आर्येतर सभ्यता को ध्वस्त कर अपनी विशिष्ट भाषा, धर्म और समाज को भारत में प्रतिष्ठित किया। भाषा के रूप में संस्कृत, धार्मिक कर्मकाण्ड के रूप में यज्ञ और दास–दस्यु, विश्, जैसे–विभेदों में विभाजित समाज की रचना की। इस भाषाई, धार्मिक और सामाजिक कुरीतियों का तत्कालीन समाज में बौद्धिक और आध्यात्मिक आन्दोलन के रूप में अभिव्यक्ति मिली, जिसका चरम परिणति श्रमण धर्म अर्थात जैन और बौद्ध धर्म का अभ्युदय था।[9] अब श्रमण संस्कृति एक धर्म का रूप ग्रहण किया।

भारत की प्राचीन संस्कृति में योग का अन्यतम स्थान था। इस यौगिक संस्कृति का मूल केन्द्र सिन्धु प्रदेश था। योगीश्वर की पूजा सैन्धव धर्म का साम्प्रदायिक पक्ष था। योगक्रिया उसका सांस्कृतिक पक्ष था। विद्वानों ने पौराणिक वर्णनों के आधार पर जिसे शिव कहा है।[10] यह अच्छी तरह ज्ञात है कि वैदिक आर्यो के वेद, संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक तथा तत्कालीन अन्य वैदिक ग्रन्थों में योग की कोई चर्चा नहीं है। वैदिकों ने यज्ञ को ही महत्वपूर्ण स्थान प्रदान किया है। उपनिषद् काल में वेदों का बौद्धिक अध्ययन हुआ पर वहाँ भी योगविद्या निवृत्ति का माध्यम नहीं बन सका। योग प्रक्रिया का प्रथम प्रकाशन कपिल के सांख्य में ही दृष्टिगत होता है। पतंजलि ने उसे नये कलेवर में प्रस्तुत किया। छठी शताब्दी ई पू. जैन और बौद्ध धर्म में योग का (ध्यान और समाधि) सांगोपांग समर्थन और यज्ञ का विरोध स्पष्ट था। सिन्धु सभ्यता के प्रकाशित होने के बाद प्रायः सभी विद्वानों ने यति, मुनि, श्रमण धर्म का सम्बन्ध सैन्धव संस्कृति से करते हैं।[11] यह भी सत्य है कि वैदिक काल में वैदिकों द्वारा धार्मिक जीवन के अनेक महत्त्वपूर्ण तत्त्व सिन्धु सभ्यता से लिये गये हैं, जिसमें योगीश्वर की पूजा एवं योगाभ्यास जो कि आसन और मुद्रा से संकेतित होता है, वैदिकों में उपनिषद् काल तक अदृश्य है। उपनिषदों[12] का विकास जिसमें जगत के मूल कर्ता ईश्वर है और जगत के मूल उपादान पृथ्वी, जल, वायु, आकाश जैसे प्राकृतिक तत्त्वों को बताया गया। यहाँ वैयक्तिकता गौण है। शील आचरण दृष्टिगत होता है पर शीलपालन का विपाक ईश्वर के हाथ है। उपनिषद् योग और कैवल्य की धारा से अक्षुण्ण ही है। योगविद्या की प्राचीनता का संकेत जैन और बौद्ध धर्म में समग्रतया मिलते हैं।

इस तरह कहा जा सकता है कि वैदिक सभ्यता आर्यो से सम्बद्ध है। भारत भूमि में जिसकाविकास आर्यो के आगमन के साथ हुआ। यज्ञ उनका कर्मकाण्ड था। आर्यो के आगमन के पूर्व भारत की अपनी सभ्यता सैन्धव सभ्यता थी, जिसकी धार्मिक पहचान योग था। योग, ध्यान, साधना उनका धार्मिक कर्मकाण्ड था। मोक्ष, निर्वाण और कैवल्य की प्राप्ति चरम लक्ष्य था। बौद्ध युग तक आते आते इन दोनों सभ्यताओं की सांस्कृतिक धाराएं श्रमण और ब्राह्मण संस्कृति की रूप में एक दूसरे के सामानान्तर विकसित होती हुई अग्रसर बढ़ती रही है।

दोनों संस्कृतियों की अपनी अपनी पहचान स्पष्ट है। एक में यज्ञ और दूसरे में योग अपने मूल रूप में आजतक अवशिष्ट है। हिन्दुओं के पूजा–पाठ के बाद हवन और बलि की प्रथा है। बौद्धों और जैनों के कार्यक्रम में प्रारंभ या अन्त में कुछ क्षणों के लिए विपश्यना ध्यान कराया जाता है।

प्राचीन यति, मुनि और श्रमण[13]

वैदिक ब्राह्मण समाज की सांस्कृतिक पर्यन्त भूमि में भी मुनियों, यतियों,श्रमणों और योगियों का एक निराला वर्ग था, जिन्हें योगविद्या से परिचय होने के कारण कदाचित पिछली सैन्धव संस्कृति से अन्वय स्थापित किया जाना चाहिए। ये मुनि और श्रमण ब्राह्मणेतर थे। यह भी सत्य है कि ये वैदिक संस्कृति के अनभ्यन्तर थे। ब्राह्मण और श्रमण परस्पर विभक्त और विरोधी थे।[14] ऋसंहिता से ज्ञात होता है कि निवृत्तिपरक क्लेश लक्षण तपस्वी वैदिकों के जीवन दर्शन के विरुद्ध था। योगजन्य सिद्धियों से वैदिक लोग अपरिचित थे। इसलिए मुनियों का आचरण ऋषियों को विचित्र लगता था। ई.पू. चतुर्थ शताब्दी में युनानियों ने उनके विभेद का उल्लेख किया है।[15] महाभाष्यकार पतंजलि ने दोनों का शाश्वत विरोध बताया है।[16] विभेद और विरोध का एकमात्र कारण योग था। ये प्रायः दुखवादी, निवृत्तिवादी, निरीश्वरवादी, जीववादी और क्रियावादी थे। उनकी दार्शनिक निष्ठा का मूल आधार संसारवाद था। वैदिकों के द्वारा आंशिक रुप से श्रमणों की परम्परा आत्मसात किये गये हैं, इसके प्रमाण स्वयं वेद में भी देखे जाते है। ऋसंहिता के केशीसूक्त में मुनियों का विलक्षण चित्र का उल्लेख है। जूति, वातजूति, विप्रजूति, वृषाणक, करिकृत, एत्तश और ऋषिश्रंग आदि ब्राह्मण परम्परा के तपस्वी थे अर्थात् योगी थे। ये तपस्वी वैदिकों के देवता भी थे। एत्तरेय ब्राह्मण में एत्तेश मुनि का उल्लेख मिलता है।[17] गंगा यमुना के मुनियों को नमस्कार किया गया है।[18] ताण्ड्य संहिता में मुनिमरण नामक स्थान का उल्लेख है और यतियों को इन्द्र का शत्रु कहा गया है।[19] उत्तर काल में यति का अर्थ तापस था। मुण्डकोपनिषद् यज्ञ विधि के निंदक मुण्डित शिर वाले तापसों की कृति है। इन उल्लेखों से स्पष्ट है कि मुनि, श्रमण, यति, ब्राह्मण प्रधान वैदिक संस्कृति से भिन्न थे, एक प्राचीन और उद्दात आध्यात्मिक परम्परा के उन्मूलित अवशेष थे। पतंजलि तक आते आते श्रमणों और ब्राह्मणों का विरोध पराकाष्ठा पर था। पुष्यमित्र के राजकीय घोषणा के साथ कि ''जो हमें एक श्रमण का सिर देगा,उसे मैं सौ सोने का सिक्का दूंगा''। इस घोषणा के फलस्वरूप श्रमण धर्म और संस्कृति के पोषक अल्पसंख्यक हो गये और अन्य ब्राह्मण धर्मो में मिलकर समाज में रहने लगे। शंकराचार्य ने श्रमण धर्म को वैदिक धर्म के साथ मिलाकार एक नवीन दर्शन का जन्म दिया। इस समय भी कट्टर बौद्धों को मौत के घाट उतार दिया गया। इसकी पुष्टि माध्वाचार्य की''शंकर दिग्विजय'' नामक पुस्तक से होती है। शंकराचार्य ने कहा कि वैदिक धर्म द्विविध है– प्रवृत्तिलक्षण और निवृत्तिलक्षण। पूर्व वैदिककालीन ब्राह्मण केवल प्रवृत्तिलक्षण वाले थे। इस समय निवृत्तिलक्षण वाले केवल यति, मुनि और श्रमण ही थे। शंकराचार्य को प्रच्छन्न बौद्ध भी कहते हैं। शंकराचार्य ने वैदिक और श्रमण संस्कृति को एकीकृत कर सर्वमान्य भारतीय संस्कृति के रूप में स्थापित किया। जो एक बड़े वर्ग के द्वारा स्वीकार किया गया। इस समय तक वैदिकों का प्रभुत्व स्थापित हो चुका था और श्रमण संस्कृति में भी अनेक देवी देवताओं का विकास हो चुका था।

श्रमणों और वैदिकों की समय सीमा

पुरातात्त्विक दृष्टि से सैन्धव संस्कृति वैदिक संस्कृति से प्राचीन सावित होती है। इस सम्बन्ध में विभिन्न विद्वानों द्वारा निर्धारित समय सीमानिम्न प्रकार हैः–

सैन्धव युग की समय सीमा	वैदिक युग की समय सीमा
मार्शल–3250–2750 ई.पू.[24]	पार्जिटर –2100 से 1400 ई.पू.
मैके–2500–2800 ई.पू.[25]	गोयल–1450 ई.पू.
वत्स– 3500–2000 ई.पू.[26]	गुप्त–1800–1700 ई.पू.
व्हीलर– 2500–1500 ई.पू.[27]	
फेवरसर्विस –2000–1500 ई.पू.	
आल्चीन दंपति – 2150–1750 ई.पू.[28]	
बुकानन –2300–2000 ई.पू.	
धर्मपाल – 2300–1750 ई.पू.[29]	
बुली–3500–3200 ई.पू.	

ऊपर के सारणियों से स्पष्ट है कि वैदिकों के समय सीमा को विदेशी विद्वानों ने अध्ययन करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। विदेशी विद्वान पौराणिक ग्रथों को ऐतिहासिक घटना नहीं मानते हैं। भारतीय विद्वानों द्वारा दिये गये तर्को के आधार पर वैदिक काल की समय सीमा सैन्धव काल से बाद की सावित होती है। पुसालकर ने वैदिक युगों को तीन भागों में बांटा है, इनमें प्रथम युग को ययाति युग कहा है, जिसकी तिथि 3000–2750 ई. पू. रखा है। यह ययाति युग ही सैन्धव सभ्यता

का युग है। इस समय सीमा के अन्तर्गत यति, मुनि और श्रमण संस्कृति का प्रभाव देखकर पुसालकर द्वारा ययाति युग नाम दिया गया है।

पार्जिटर महाभारत युद्ध का समय 1400 ई. पू. मानते हैं। महाभारत युद्ध के अनन्तर उत्तर भारत में पौख, कोशल, मगध आदि प्रमुख राजवंश हुए। मगध में बिम्बिसार और उसका पुत्र आजातशत्रु, कोसल नरेश प्रसेनजीत, वत्सराज उदयन और अवन्ति नरेश ण्डप्रद्योत–ये सब बुद्ध महावीर के समकालीन थे।

गोयल जैसे कुछ विद्वानों ने पार्जिटर के आधार पर वैदिकों का आगमन 2100 ई.पू. मानते हैं। इस आधार पर महाभारत युद्ध का समय 925 ई. पू. निर्धारित किया है। इन विवरणों से स्पष्ट है कि वैदिकों का समय श्रमणों के बाद का है। गोयल के अनुसार आर्यो का प्रवेश और सैन्धव सभ्यता का विनाश साथ–साथ हुआ। यहाँ दोनों के एक साथ रहने का कोई प्रमाण नहीं है। रंगपुर और लोथल से जो साक्ष्य मिले हैं जिससे स्पष्ट होता है कि यहाँ सैन्धव संस्कृति का आकस्मिक अन्त नहीं हुआ है। इसी प्रकार रोपर और आलमगीर पुर में सैन्धव और वैदिक सभ्यता के चिह्न दिखाई पड़ते हैं।। इस सम्बन्ध में यह जानना चाहिए कि रंगपुर, लोथल और रोपर मोहन जोदड़ो और हड़प्पा से लगभग 1500 वर्ष बाद नष्ट हुआ है। उस समय सैन्धवों पर आर्यो द्वारा पूर्ण अधिकार कर लिया गया था। वैदिक लोग श्रमण संस्कृति के कुछ तत्व अपना चुके थे और श्रमण लोग वैदिकों के संस्कृतियों को बिना अपनाये जीवित नहीं रह सकते थे, इसलिए श्रमणों के लिए वैदिक संस्कृति को अपनाना वेवशी थी। यही कारण है कि ऊपर के स्थलों की खुदाई में आर्यो और श्रमणों को एक साथ रहने के प्रमाण मिलते हैं। यह कहना गलत होगा कि दोनों का विकास भारत भूमि पर हुआ जैसा कि आज के पुरावत्त्वविद इसे प्रमाणित करने में लगे हैं। इस संदर्भ में इस विचार को बल मिलता है कि सैन्धव परम्परा के अनेक तत्त्व बाद में आर्य संस्कृति द्वारा अपना लिए गये हों। कुछ सांस्कृतिक तत्त्वों के दर्शन तो बाद में हिन्दु धर्म में भी दिखाई पड़ते है, इसमें शिव और रुद्रों की पूजा प्रमुख है। गोयल ने अनेक तर्को से वैदिकयुगीन दाशराज्ञ युद्ध का समय 1400 ई.पू. तथा महाभारत युद्ध का समय 925 ई.पू. निर्धारित किया है।[33] तात्पर्य यह कि वैदिकों का भारत से सम्बन्धित घटना क्रम निश्चित रूप से सैन्धवों के बाद का है।

पातञ्जिलयोगदर्शन

विद्वानों का एक वर्ग योग से सम्बन्धित उपलब्ध समग्र रचनाओं में पातञ्जिलयोग को प्रथम और प्रामाणिक मानते हैं। पतञ्जिलि का समय ई.पू. प्रथम शताब्दी है। वस्तुतः पतञ्जिलि तक आते–आते योग शास्त्र सहस्राब्दों का सफर पूरा कर चुका था। भारत में योग का विचार अपने मूल रूप में अति प्राचीन है। आचार्य पतञ्जिलि ने प्राचीन ग्रन्थों में विखरे हुए योग सम्बन्धी विचारों को संग्रह कर अपनी प्रतिभा से दार्शनिक रूप प्रदान किया। जिस दर्शन की आवश्यकता श्रमणपरम्परा के विचारों को दवाने और वैदिक परम्परा के विचारों को सर्वसुलभ एवं सर्वग्राह्य बनाने के लिए आवश्यक था। योग की परम्परा पूर्णरूप से भारतीय है। इसमें संदेह नहीं कि वैदिकों के भारत आने के पूर्व भारत भूमि पर योग बहुत लोकप्रिय था। इस लोकप्रियता के कारण वैदिकों ने अपने दैनिक जीवन में शामिल किया। यह कटु सत्य है कि योग प्रवृत्तिमार्गीश्रमणों का मोक्ष प्राप्ति का साधन था। इसे विद्वानों ने स्वीकार किया है। डा. सुरेशचन्द्र श्रीवास्तव का विचार यहाँ दृष्टव्य है। उनका कथनहै कि ''हड़प्पा और मोहनजोदड़ो से प्राप्त चिह्नों से भी उस काल में योग साधना के प्रचलित होने का स्पष्ट संकेत प्राप्त होता है. सिन्धुघाटी की सभ्यता को अवैदिक मानने पर तो योग वेदों से भी पुरातन, अनार्य किन्तु भारतीय प्रक्रिया सिद्ध होती है। उस स्थिति में यह मानना होगा कि कपिल ने वैदिक आर्यो में सर्व प्रथम सांख्य योग की शिक्षा का प्रचार किया''। ए.वी. कीथ का कहना है कि सांख्य कारिका में सांख्य और योग के स्थान पर ध्यान और योग प्रयुक्त है। इससे स्पष्ट है कि सांख्य शब्द समाधि के साधारण अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। सैन्धव सभ्यता के बाद महावीर और बुद्ध ने योग संस्कृति को आगे बढ़ाया। भारत की इस प्राचीन धरोहर को जन–जन तक पहुँचाया। मौर्य शासक के द्वारा राजकीयसंरक्षण मिला। मौर्य काल श्रमण संस्कृति के लिए स्वर्ण युग था। मौर्य काल में पालि द्धमागधीऋ को राष्ट्रभाषा के रूपमें प्रतिष्ठा मिली। बौद्ध धर्म को दुनिया में फैलने के लिए धर्मदूत भेजे गये। 84000 धर्म स्तूपों का निर्माण हुआ। विहारों और महाविहारों में योग की शिक्षा दी जाने लगी। शुंग वंश की स्थापना के साथ पालि (मगधी) के स्थान पर संस्कृत को राजकाज की भाषा बनायी गयी। योग के स्थान पर यज्ञ कराया जाने लगा। पुष्यमित्र शुंग के द्वारा अश्वमेघ यज्ञ कराये जाने के प्रमाण प्राप्त हैं।

उसके मुख्य कर्णधार पतंजलि था। पतंजलि पुष्यमित्र शुंग का पुरोहित था। इसकी पुष्टि स्वयं पतंजलि ने अपने महाभाष्य में किया है– ''इह पुण्यमित्र याजयामः'' (यहाँ हम पुण्यमित्र के लिए यज्ञ कर रहे हैं।) इस प्रकार महाभाष्य के लेखन काल मेंयज्ञ का अनुष्ठान किया गया और सम्भवतः वैयाकरण ने उसमें पुरोहित का उत्तरदायित्व संभाला था। इस प्रकार पतञ्जिलि बुद्ध और महावीर के बाद सावित होते हैं। इस समय तक वैदिकों ने भी अपने आध्यात्मिक जीवन में निर्वाण, मोक्ष और कैवल्य को आत्मसात कर चुका था। श्रमणों के साथ–साथ ब्राह्मणों ने भी भवचक्र के बन्धनों को काटकर निवार्ण प्राप्त करना चाहते थे। पातञ्जिलयोग का कैवल्यपाद इसका प्रबल उदाहरण है। वैदिकों द्वारा योग को अपने आध्यात्मिक जीवन में शामिल करने का संकेत उत्तर वैदिक काल में मिलते हैं। इस काल तक इनके लिए योग का लक्ष्य निर्वाणगामी न होकर विभूति प्राप्ति था। श्रुति परम्परा में आये, योग ग्रन्थों के संकलनकर्ता पहले समाधिपाद, साधनवाद और विभूतिपाद नामक तीन ही पादों को योगशास्त्र के रूप में संकलित किया था। महर्षि पतंजलि ने ही प्रथमवार चतुर्थपाद के रूप में कैवल्यपाद को योगशास्त्र में सम्मिलित किया है। अब तक वैदिकों के धार्मिक कृत्यों का मुख्य लक्ष्य ऐश्वर्य प्राप्ति था। इस लक्ष्य की प्राप्ति विभूतिपाद नामक तृतीय अध्याय में हो जाता है। इस आशय का संकेत ग्रन्थ की समाप्ति के रूप में इति शब्द का प्रयोग के द्वारा स्पष्ट है।[37] कैवल्य पाद मूल ग्रन्थ का भाग ही नहीं है बल्कि परवर्ती प्रक्षेप है। वह प्रक्षेप पतंजलि द्वारा जोड़ा गया है। कारण कि पतंजलि खूब समझते थे कि श्रमणों को समाप्त कर दिये जाने पर श्रमण परम्परा के अनुयायिओं के बीच प्रचलित निर्वाण गामी योग को अपने कर्मकाण्ड में शामिल कर ही उनके ऊपर शासन किया जा सकता था। नहींतो विद्रोह की सम्भावना थी क्योंकि पुष्यमित्र द्वारा सत्ता का हस्तांतरण शैन्य कार्रवाई के द्वारा किया गया था। इसलिए पतंजलि ने श्रमणों के कर्मकाण्ड योग को कैवल्य प्राप्ति का मार्ग प्रक्षेपक के रुप में योग शास्त्र में जोड़ा। पहले उसे विभूतिपाद नामक तृतीय अध्याय में ही समाप्त कर दिया गया था। आर्यो का एकमात्र उद्देश्य विभूति (ऐश्वर्य) की प्राप्ति थी। वे निर्वाण से बिल्कुल ही अनभिज्ञ थे।

संक्षेप में उपर्युक्त अध्ययन से स्पष्ट है कि योग भारतीय परम्परा का अंग है। कैवल्य प्राप्ति उसका उद्देश्य है। इस परम्परा का प्रारम्भिक संकेत मोहन जोदड़ो और हडप्पा में पाया गया है। आर्यो के आक्रमण ने भी इसे समाप्त नहीं कर सका बल्कि आर्यो ने इसकी महत्ता को देखते हुए अपने दैनिक जीवन के क्रिया–कलापों में सम्मिलित किया इसके विपरीत श्रमणों ने यज्ञ को अपने दैनिक जीवन में कोई स्थान नहीं दिया। संस्कृति सभ्यता का सूक्ष्म तत्व होता है। डी. एन. ए. की तरह वंशानुक्रम अर्थात पीढ़ी दर पीढ़ी परम्परा के रूप में वर्तमान रहता है। सामाजिक परम्परा में पूर्ण उच्छेद सम्भव नहीं है इसलिए श्रमणों और ब्राह्मणों की संस्कृति में योग और यज्ञ का सूक्ष्मातिसूक्ष्म उपस्थिति आज भी है, यद्यपि कि दोनों का शाश्वतिक विरोध है।

संदर्भ–ग्रंथ सूचीः

1 विश्व धर्म दर्शन, सांवलिया विहारी लाल वर्मा, पृष्ठ–3
2. मय्यावेश्य मनो ये मां नित्ययुक्ता उपासते।
3. स्टडीज इन द ओरिजन्स ऑव बुद्धिज्म, डा. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय, पृष्ठ–289–90
4. क. आर. ई. एम. ब्हीलर, हड़प्पा 1946 (आर्कलॉजिकल सर्वे ऑव इण्डिया का वार्षिक रिपोर्ट)।
5. बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, डॉ. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय पृ.– 1 तुलनीय– पिगट, प्रिहिस्टिरिक इण्डिया– पृ. 257–258
6. दृष्ठव्य. डॉर्विन का विकासवादी सिद्धान्त
7. डॉ. इन्द्र चन्द्र शास्त्री द्वारा किया गया ''पालि भाषा और साहित्य'' नामक अनुवाद पृष्ठ–1
8. स्टडीज इन द ओरिजन्स ऑव बुद्धिज्म, अध्याय–8
9. जे. मार्शल, मोहनजोदडो एण्ड इण्ड्सवैली सिविलाइजेशन खण्ड–1, लन्दन
10. जैन साहित्य का वृहद् इतिहास, भाग–1 पृष्ठ–20–21 पंडित वेचन दास जोशी
11. ब्रह्म सत्यम् जगन्नमिथ्या, अहम् ब्रह्ममास्मि आदि–आदि
12. डॉ. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय, बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, पृष्ठ–23
13. अष्टध्यायी में कुमार श्रमणदिभिः 2।1।70 कुमारश्चं, 6।2।26 सूत्र है। श्रौत्र सूत्रों में श्रमण का प्रयोग भिक्षु मात्र के लिए है, बौद्धायन में मुनि को श्रमण कहा गया है।–पाणिनि कालीन भारत वर्ष, पृष्ठ– 377
14. मैकक्रिण्डल, एण्शिएण्ट इण्डिया ऐज डिस्क्राइब्ड वाइ मेगाास्थनीज एण्ड एरियन, पृष्ठ–97–105
15. पतंजलि महाभाष्य, 2,4,9
16. वैदिक इण्डेक्स, जिल्द–2 पृष्ठ–167
17. तैत्रिरीय आरण्यक जिल्द–1, पृष्ठ–87,137–138
18. ताण्ड्य संहिता, जिल्द–1, पृष्ठ–208
19. मुण्डकोपनिषद–2,3,6

बौद्ध प्रबन्धन की विशेषताएँ

डा. लाल सिंह बौद्ध

बौद्ध साहित्य और बौद्ध ज्ञान, बौद्ध प्रबन्धन का ही द्योतक है। बौद्ध धर्म के चिरकाल तक चलते रहने का कारण भी बौद्ध प्रबन्धन ही है। जैसे पानी की एक बूंद सुमद्र का रूप ले लेती है उसी प्रकार बौद्ध साहित्य में बौद्ध प्रबन्धन भी छोटे से नियम के तौर पर विशाल बौद्ध संघ का बांधे रखने में सक्षम दिखाई पड़ता है। बौद्ध प्रबन्धन की अनेक विशषताएँ हैं। अनुशासन ही बौद्ध प्रबन्धन की रीढ़ की हड्डी नजर आता है। बुद्ध, धम्म, तथा संघ बौद्ध प्रबन्धन के तीन तिपाए हैं। धम्म को मजबूत करने के लिए धम्म को ठीक से जानना आवश्यक बताया गया है तथा धम्म को ठीक से जानने के लिए छः बातों को जानना आवश्यक बताया है। धम्म को जानने के लिए जानने की इच्छा होनी चाहिए। धम्म को पूरी एकाग्रता से सुनना चाहिए, धम्म को अनुभति करने के भाव से मन को लगना चाहिए, धम्म में कही हुई बात को ग्रहण करना चाहिए जो बात अनावश्यक हो उसे अलग कर देना चाहिए तथा आवश्यक बातों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। बुद्ध ने अपने जीवन काल में जिन प्रबन्धन संबंधी बातों को अपनाया उन्हें विनय पिटक नामक बौद्ध ग्रंथ में संग्रहित किया गया है तथा उस संग्रहीत बौद्ध साहित्य से मिले साक्ष्यों के अनुसार बौद्ध प्रबन्धन की निम्न विशेषताएँ हैं –

1. बौद्ध प्रबन्धन में स्थानीय भाषा 'पाली' का इस्तेमाल किया गया। यह उस समय की आम लोगों की भाषा थी। मगध राज्य में इस भाषा का इस्तेमाल होता था इसलिए उसे मगधी भी कहते थे। इसलिए आज हमें जिस प्रांत में भी धम्म प्रचार करना हो वहाँ उसी प्रांत की भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए।

2. बुद्ध ने संघ में सभी वर्गो एवं वर्णो के लोगों को प्रवेश दिया तथा प्रवेश के बाद अपनी पुरानी पहचान को छोड़ने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि मेरा संघ उस समुद्र की तरह है जिसमें नदी के पानी के गिरने के बाद अलग पहचान नहीं रहती। इसलिए उनका संघ जाति और वर्ण विहीन था।

3. उपदेशों का सरल होना : बुद्ध न तथा उनके भिक्षुओं ने उस समय जो भी धम्म उपदेश दिये, वे सब बहुत ही सरल भाषा व सरल भाव में दिए गये थे। यही कारण था कि बुद्ध का संघ उनके समय में ही देश के ज्यादातर हिस्सों में फैल गया। यह बौद्ध धर्म का कुशल प्रबन्धन ही था जोकि पूरे एशिया में और अब पूरे विश्व में सहज भाव से अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है। सभी धर्मो में से स्वतंत्रप्रवृति के लोग स्वतः ही बुद्ध के वैज्ञानिक मार्ग के प्रति आकृर्षित हो रहे हें। मन शुद्धि को ही जीवन जीने की शैली का आधार बनाना चाहते हैं।

बुद्ध ने संघ की स्थापना के लिए अपने पुराने साथियों को जोड़ा जो उन्हें बीच में ही छोड़ कर आ गये थे। बुद्ध ने अपने पुराने साथियों का अपने प्रबन्धन में उपयोग किया जिससे समाज को भी लाभ हुआ तथा उन्हें स्वयं भी लाभ आ। इसीलिए पुराने भिक्षुओं का प्रबन्धन में विशेष स्थान रहा। विवेकशील उपासकों को भी विशेष स्थान बुद्ध ने दिया। यह भी बौद्ध प्रबन्धन की मौलिक विशेषता बन गई।

बौद्ध प्रबन्धन में बुद्ध, धम्म तथा संघ ढ़ांचा है तो दया व करूणा प्रबन्धन का मुख्य भाव है। ध्यान से मनुष्य का चित्त एकाग्र हो जाता है, निरविचार हो जाता है। यह करूणा ही पूरे प्रबन्धन का केन्द्र बिन्दु है। मैत्री भाव ने सभी का यहाँ मन जीता है। मैत्री भाव से अन्दर का अपना भी तथा दूसरों का भी द्वेष कम होता जाता है।

बौद्ध प्रबन्धन में शील के पालन पर जोर दिया जाता है इससे चोरी कम हो जाती है। जिन उद्योग में मजदूरों ने विपश्यना कोर्स किये हैं और वहाँ विपश्यना केन्द्रों पर बौद्ध प्रबन्धन देखा है, उस उद्योग में उत्पाद बढ़ा है, खर्चा घटा है, मुनाफा बढ़ा है, आपसी झगड़े कम हुए हें। निरीक्षण स्टाफ कम किया गया फिर भी काम ठीक चला है। मालिक–मजदूर, संबंधों में मधुरता आई। मानवीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी गई। मजदूरों का वेतन बढ़ा।

बौद्ध प्रबन्धन नेचर फ्रैंडली है। प्रकृति को कम से कम छेड़ता है। जल, वायु, अग्नि, पृथ्वी के संतुलन को महत्व देता है। इससे औद्योगिक वेस्ट की समस्या कम होती है। यहाँ तक कि एक भिक्षु का चीवर भी किसान के खेतों के आकार का बनाया जाता है। सीमित आवश्यकता का विचार भी प्रकृति को कम

छेड़ता है और प्राकृतिक संतुलन बनाये रखता है। सब कुछ अनित्य है। यहाँ मेरा कुछ नहीं है। प्रबन्धन में कार्य हा रहा है ना कि मैं कार्य कर रहा हूँ का भाव होता है। इस भाव से आपसी टकराव नहीं होता। ईर्ष्या–द्वेष नहीं होता तथा आपसी सहयोग और भाई–चारे का माहौल बना रहता है। अहं के कारण ही आपसी झगड़े होते हैं।

संघ की पात्रता के नियम में अपात्र को प्रवेश ही नहीं था जिससे संघ सुव्यवस्थित चलता रहा। अपात्रता के नियम में संघ में प्रवेश के लिए माता–पिता की आज्ञा आवश्यक थी। अपराधियों व कुछ मिर्गी, कोढ़ इत्यादि बीमारी के मरीजों का प्रवेश निषेध था।

धर्म 'विनय पिटक' के व्यावहारिक जीवन का प्रतिनिधित्व करता था जबकि संघ 'सगठन शक्ति' का, भाई–चारे, सामूहिकता, एकता एवं संकल्प का प्रतीक था। यह संघ नियमों और गुणों से ओत–प्रोत था तथा भिक्षु इन नियमों पर चलकर अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरन्तर अग्रसर रहते थे। भिक्षुओं को नियंत्रण में रखने के लिए उपोस्थ के नियम बनाये गये। ये नियम भिक्षु–भिक्षुणियों के लिए संयत जीवन जीने के लिए बनाये गये। यही बौद्धों का प्रबन्धन का स्वरूप था।

प्रबन्धन के ये नियम मगधी भाषा (पालीद्ध में स्मरण रखे गये तथा गुरू–शिष्य परम्परा के तहत पीढ़ी–दर–पीढ़ी आगे चलते रहे। इन प्रबन्धन के नियमों को बुद्ध के 400 साल बाद सिंघल के राजा बट्टगामणी के काल में 'पालि–त्रिपिटक' लिखा गया। तब से अब तक ये बुद्ध ग्रंथ ही संघ नायक का काम करते रहे। बुद्ध के परिनिर्वाण के समय जब पूछा गया कि आप के बाद संघ को कौन संचालित करेगा तब भगवान ने कहा, कि आनन्द! स्वदीप बनो, स्वयं की शरण में जाओ, अपने धर्म दीप स्वयं बन कर विहार करो। यहाँ बुद्ध का अनुशासन, स्व–अनुशासन की ओर संकेत करता है। जो स्वयं अनुशासित रहेगा वही संघ को भी अनुशासित रखेगा यह स्व–अनुशासन ही मनुष्य के जीवन मे निखार उत्पन्न करता है। बिना लोभ, लालच, मोह के भी नया जोश नया निखार उत्पन्न करता है। इसी प्रबन्धन में मनुष्य का विकास तथा समाज का विकास निहित है। बौद्ध प्रबन्धन मे छिपे हुए विशिष्ट लक्षण ही इस विशेष स्थान पर खड़ा कर देते हैं। यही बौद्ध प्रबन्धन की विशेषताएँ हैं।

बोधिसत्तस्स अधिट्ठानं

''काम तचो च न्हारू च, अट्ठि च अवसिस्सतु
उपसुस्सतु निस्सेसं सरीरे मंसलोहित'' ति–
चतुरंगवीरीयं अधिट्ठहित्वा
''न दानि बुद्धत्तं अपापुणित्वा
पल्लंकं भिन्दिस्सामि'' ति

–बोधिसत्तो सिद्धत्थो

पटिज्ञं कत्वा अपराजितपल्लंके निसीदि।''

अर्थात ''चाहे मेरी इंद्रियाँ, त्वचा, स्नायु अस्थियाँ सूख जाए, चाहे मेरा खून, मांस के बिना निशेष ही क्यों न रह जाए, वीर्यवान हो चतुरंग सम्पत्र अधिष्ठान का संकल्प कर आसन को तब तक नहीं छोडूंगा जब तक मैं बुद्धत्त्व न प्राप्त कर लूं।'' ऐसी प्रतिज्ञा कर बोधिसत्त आसन पर बैठे।

विपश्यना पर आधारित समता धर्म

डॉ संघमित्रा बौद्ध सम्पादिका, बोधि-पथ।

समता का शाब्दिक अर्थ है समानता, अर्थात् सभी प्राणियों में समभाव या समदृष्टि रखना ही समता है। समता चार 'ब्रह्मविहारों' (मेत्ता अर्थात् मैत्री, करूणा, मुदिता तथा उपेक्खा अर्थात् उपेक्षा) में चतुर्थ के समानार्थक है। बुद्ध धर्म में इन चारों भावनाओं पर चित्त को समाहित करने का उपदेश दिया गया है 1। समता धर्म है, विषमता अधर्म। समता अनासाक्ति है और विषमता आसक्ति का साकार स्वरूप। जहाँ आसक्ति है वहाँ दुःख का आगमन अवश्य ही होगा और जहाँ अनासाक्ति है वहीं सच्चा सुख और सच्ची शाान्ति है।

भगवान् बुद्ध के अनुसार धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में सभी स्त्री एवं पुरूषों में समान योग्यता एवं अधिकार है। इतना ही नहीं, शिक्षा, चिकित्सा और आजीविका के क्षेत्र में भी वे समानता के पक्षधर थे। उनके अनुसार एक मानव का दूसरे मानव के प्रति व्यवहार मानवता के आधार परहोना चाहिए न कि जाति, वर्ण और लिंग के आधार पर। क्योंकि सभी प्राणी समान रूप से दुःखी हैं अतः सब समान हैं। दुःख प्रहाण ही उनके धर्म का प्रयोजन है। समवेदना ओर सहानुभूति ही इस समता के आधारभूत तत्व हैं। जैसे सभी नदियाँ समुद्र में मिलकर अपना नाम, रूप और वि ोषताएं खो देती हैं, उसी प्रकार मानवमात्र बुद्ध-संघ में प्रविष्ट होकर जाति, वर्ण-भेद को समाप्तकर एक समान हो जाते हैं। निर्वाण ही बुद्ध-धर्म का एकमात्र रस है। निर्वाण आध्यात्मिक साधना की वह चरमसीमा है जहाँ समस्त तृष्णा का क्षय हो जाता है। वह स्थिति अतिन्द्रिय परमसुखकारी है- निब्बाणं परमं सुखं 2 पालि साहित्य में निब्बाण व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में कहा है- बानतो निक्खतं ति निब्बानं। बान का अर्थ है तृष्णा और निक्खतं का अर्थ निकलना या निष्क्रमण है अर्थात् तृष्णा का क्षय हो जाना ही निर्वाण है।

साधक जब ध्यान-साधना के माध्यम से स्वयं का साक्षात्कार करता है तब शरीर पर आधारित इस चित्तधारा में विविध कारणों से समय-समय पर सुखद और दुखद दोनों ही प्रकार की संवेदनाएं प्रकट होती रहती हैं। सुखद संवेदना हमें प्रिय लगती है और उसके प्रति राग उत्पन्न होता है, परिणमतः उसे स्थिर रखने के लिए हम आतुर हो उठते हैं। वह छूट न जाय, इस निमित्त आशंकित-आतंकित हो उठते हैं। परंतु प्रकृति के परिवर्तनशील नियमों के कारण यह सुखद संवेदना नष्ट होती ही है। और जब दुखद संवेदना प्रकट होती है तो उसके प्रति द्वेश जागता है और उसे दूर करने लिए हम व्याकुल हो उठते हैं! क्या यह कभी दूर नहीं होगी ? इस भय-आशंका से आतंकित हो उठते हैं। फिर असुरक्षा की बेचैन में जकड़ जाते हैं। दोनो ही अवस्था में अशांत-बेचैन रहते हैं। राग और द्वेष से आसक्ति जागती है तथा साथ ही असुरक्षा की भावना भी जागती है। कभी-कभी मन भी अपना संतुलन खो बैठता है। यही विषमता है। सुखद-दुखद स्थितियों के रहते भी मन राग-द्वेष से विहिन रहता हो तो ही अनासक्त रहता है। सदा सुरक्षित महसूस करता है, अपना संतुलन नहीं खोता, शांत रहता है। सुखद-दुखद स्थिति के प्रति पूर्ण संवेदनशील और जागरूक रह कर भी अविचलित रहना ही समता है।3

समता-धर्म जीवन-जगत से दूर भागना नहीं है, पलायन भी नहीं है, जीवन-विमुख होना भी नहीं है। समता धर्म जीवन-अभिमुख होकर जीना है। यदि हम विषयों से दूर भागने के बजाय विषयों से उत्पन्न होने वाले विकारों को समता से, अनासक्ति से देखें तो उन विषयों के रहते हुए भी विकारों को निस्तेज कर सकते हैं। समता से, अनासक्ति से देखना ही विशेषरूप से देखना है, प्रज्ञापुर्वक देखना अर्थात् सम्यक् दृष्टि से देखना है। यही विदर्शना अथवा विपश्यना है। जब दृष्टि समतायुक्त हो जाती है तब ''मैं-मेरे'' और ''राग-द्वेष'' का अन्तर समाप्त हो, जो जैसा है वैसा ही दीखता है। ओर तब हम अज्ञानता को दूरकर ज्ञान रूपी समता की सुदृढ़ भूमि पर स्थिर होकर जो कुछ करते हैं वह शुद्ध क्रिया ही होती है, प्रतिक्रिया नहीं इसलिए कल्याणकारी और शुभकारी है। जब भीतर चित्तधारा में उठने वाली सुखद-दुखद संवेदनाओं के प्रति पूर्ण समता का भाव आने लगता है बाह्य जीवन में सहज समता प्रकट होने लगती है। फलस्वरूप बाह्य जगत की विषम परिस्थितियों को सहने में भी समर्थ हो जाते हैं।

आंतरिक समता की पुष्टि से ही योग-क्षेम पुष्ट होता है, मिथ्या भय दूर होता है, जीवन में वैशारद्य आता है, निर्भयता आती है। अगले क्षण क्या हो इसके लिए मन चिंतित, व्यथित नहीं होता ? निरर्थक चिंताओं से विमुक्ति प्राप्त होती है। प्रतिक्षण परिवर्तनशील प्रकृति को अपरिवर्तनीय बनाए रखने का प्रयास,

जीवन जगत की सतत प्रवाहमान धारा को रोक रखने का उन्मत्त आग्रह, 'मेरा' बनाए रखने का निरर्थक प्रयत्न सहज ही छूट जाता है। जीवन से कुटिलता–विषमता स्वतः दूर होने लगते हैं। परिस्थितियों की बदलती हुई लहरों पर सहजभाव से तैरना आ जाता है। निरन्तर कर्मशील रहते हुए भी परिणामों के प्रति उन्मुक्त निश्चिंता आती है और साथ–साथ व्यवहार कौशल्य में प्रौढ़ता भी आती है। यही समता धर्म का मंगल परिणाम है। जब समता आती है तो मन, वाणी और शरीर के कर्मों में भी शुद्धता आती है, उनमें सामंजस्य आता है। परिणामतः जीवन में स्वस्थता आती है। ताल–स्वर–लय की समता में जैसे तन्मयता आती है, वैसे ही मन–वाणी–शरीर के कर्मों की समता में भी तन्मयता आती है। परम सुख प्राप्त होता है। समता का सुख संसार के सारे सुखों से परे है, श्रेष्ठ है।

समता–धर्म मध्यम मार्ग का धर्म है। समता–धर्म आत्म–मंगल और पर–मंगल के समन्वय सामंजस्य का धर्म है। समतापूर्ण जीवन जीने वाले व्यक्ति का अहंभाव नष्ट होता है परिणामतः वह स्वस्थ जीवन का अधिकारी होता है। समता पुष्ट होती है तो सामंजस्य आता है, समन्वय आता है, स्नेह–सौहार्द आता है, सहिष्णुता आती है। सहयोग, सद्भाव, सहकारिता सहज भाव से ही आ जाते हैं। इनके लिए प्रयत्न नहीं करना पड़ता।

यदि समता पुष्ट होगी तो अपनी हानि करके भी औरों का हितसाधन ही होगा और यह सहजभाव से होगा। दीये की लौ स्वयं जलती है पर बदले में लोगों को प्रकाश ही देती है। धूप बत्ती स्वयं जलती है पर बदले में सब को सुवास ही देती है। चंदन की लकड़ी स्वयं कटती है पर बदले में सब के लिए सुरभि ही बिखेरती है। फलवाला वृक्ष स्वयं पत्थर की मार सहता है परबदले में सब को फल ही देता है। और यह सब कुछ सहजभाव से होता है समता की सहजता को स्पष्ट करने के लिए कहा गया है :–

समता चित्त का धर्म है, स्थिर स्वधर्म हो जाय।

तो जीवन सुख–शांति से, मंगल से भर जाय।।4

संदर्भ संकेत :

1. विसुद्धिमग्ग – पृ. 200,221
2. मझिम निकाय – 2.3.5
3. समता धर्म – सत्यानारायण गोयनका, vri series-114
4. वहीं

धर्म अर्थात शील, समाधि, प्रज्ञा अपने आप में पूर्ण हैं- केवलं परिपूण्णं। इसमें कुछ जोड़ने के आवश्कता नहीं- न अंधमान्यता, न मतांधता, न रहस्यवाद, न थोथे कर्मकांड। ऐसे किसी तत्व को जोड़ा कि धर्म ओछा और दूषित हो जाएगा। यह अपनी शक्ति खो देगा, प्रभाव खो देगा। इसलिए धर्म में किसी प्रकार का मिश्रण किए बिना परिपूर्ण रूप से अपनाओं और शुद्ध धर्म के असीम लाभ भोगो।

शील, समाधि, प्रज्ञा वाला धर्म अति विशुद्ध है- केवलं परिसुद्धं। इसमें से कुछ भी अशुद्ध मानकर निकालना नहीं। शील, समाधि, प्रज्ञा में कोई अशुद्धि नहीं है।

धर्म के तीनों तत्व धर्म को अति विशुद्ध बनाते हैं। धर्म की शुद्धता बनाये रखो और इसके तीनों तत्वों का परिश्रमपूर्वक अभ्यास करो। विशुद्ध धर्म के श्रेष्ठ फलों का उपभोग करो।

सयाजी स० ना० गोयन्का

बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार में उत्पन्न बाधाएँ

डॉ0 कामेश्वर प्रसाद, एम0ए0, पीएच0डी0, पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्च
(ICSSR New Delhi) नव नालन्दा महाविहार, नालंदा

